Publication	Edition	Date	Subject
Navbharat	Pune	28/08/2018	LIFFI 2018

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 7 से

संवाददाता

पुणे. फिल्मों के दीवानों के लिये मनोरंजन से भरपूर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, लोनावला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल इंडिया 2018 का आयोजन 'ट्रायोज़ प्लाज़ा लोनावला' में 7-9 सितंबर को किया गया है. यह फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा को अभूतपूर्व योगदान देने वाले जाने-माने निर्देशक बिमल रॉय को यह एक श्रद्धांजलि है, जिसमें उनकी छह बहुचर्चित फिल्में दिखायी जायेंगी.

उन पर बनी एक शार्ट डॉक्यूमेंटरी भी प्रदर्षित की जायेगी. जिसे उनकी बेटी रिंकी रॉय भट्टाचार्य ने बनाया है. 18 फिल्म, 3 वर्कशाप के साथ बिमल रॉय के बारे में दो जाने-माने फिल्मकारों द्वारा चर्चा इस फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण होगा. 1 सितंबर से ट्रायोज प्लाज़ा में बिमल रॉय की फिल्मों के पोस्टर, स्टिल्स, यादगार चीजों और कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी.

उनकी बेटी द्वारा उन पर लिखित/संपादित किताब खास कीमत पर बिक्री के लिये उपलब्ध होगी. अपनी शुरुआत से ही यह फेस्टिवल नई ऊंचाइयां छू रहा है, इस बार कई तरह की नई चीजें शामिल की जायेंगी. उसके अंतर्गत स्क्रीनिंग, वर्कशॉप, मास्टर क्लासेस, आदि के बाद सवाल-जवाब का सेशन होगा. एलआईएफएफआई के इस एडिशन में बिमल रॉय की क्लासिक फिल्मों जैसे, 'सुजाता', 'बंदिनी', 'मधुमती', मराठी फिल्में जैसे 'न्यूड', 'काच्चा लिबूं', 'डॉ. रखमाबाई' की भी स्क्रीनिंग की जायेगी.